प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज मनाया जा रहा है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–योग सभी के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करता है।

- केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रदेश दौरे पर–विभिन्न रेल सेवाओं और सुविधाओं की सौगात देंगे।

- नीट–यूजी 2026 पुनः परीक्षा आज–निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा के लिये पुलिस, प्रशासन, एसओजी और आईबी पूरी तरह अलर्ट।

- देश में बने नौसेना के तीन जहाज–आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का आज अनावरण होगा।

00000

आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस वर्ष का विषय है–बढती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। आज मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रेड रोड पर हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम में योगाभ्यास का नेतृत्व करते हुए कहा कि योग सभी के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करता है।

......

कई केंद्रीय और राज्यमंत्री भी कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। इस बार 200 से अधिक भारतीय दूतावासों पर योग सत्र किये जा रहे है। प्रदेश में सभी जिलों, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योग कार्यक्रम हो रहे है। राज्य स्तरीय समारोह सिरोही के आबूराज में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह में समूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा योग अब एक विश्वव्यापी जन आंदोलन बन गया है। योग न सिर्फ शरीर और मन को जोडता है बल्कि विश्व को जोडने का काम भी कर रहा है। उन्होंने सभी से स्वस्थ जीवनशैली के लिये नियमित योग अपनाने का आह्वान किया।

.....

इधर बीकानेर के करणी सिंह स्टेडियम में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने योग शिविर में योगाभ्यास किया। इस दौरान केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहे। योग प्रोटोकॉल सत्र में भाग लेने से पहले मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जीवन में योग को अपनाने से न केवल बीमारियों से बचाव संभव है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवन पद्धति भी है।

......

आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी जयपुर के जंतर–मंतर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। साथ ही एस.एम.एस. स्टेडियम, अल्बर्ट हॉल, जलमहल सहित शहर के प्रमुख स्थलों पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

0000

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बीकानेर से लालगढ़–साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे गुजरात और राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री दोपहर में जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, जहां वे जयपुर–दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। ये ट्रेन राजस्थान और बिहार के बीच सम्पर्क को नई गति देगी। श्री वैष्णव खातीपुरा में मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन भी करेंगे। श्री वैष्णव 41 छोटे और मध्यम स्टेशनों पर नये प्लेटफॉर्म विस्तार तथा 16 स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का भी लोकार्पण करेंगे। साथ ही राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विकसित की गई यात्री सुविधाओं का भी लोकार्पण करेंगे।

00000

नीट–यूजी 2026 परीक्षा आज दोबारा होगी। **ये परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम सवा पांच बजे तक चलेगी।** इसे देखते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से कल मॉकड्रिल की गई। परीक्षा को सुचारू, निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए ये अभ्यास किया गया। एनटीए के अनुसार, नीट–यूजी पुनर्परीक्षा देश के 551 शहरों और 14 विदेशी शहरों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो रहे है। परीक्षा के मद्देनजर टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर रोक लगाई गई है, ये रोक 22 जून तक प्रभावी रहेगी। इधर, प्रदेश में री–नीट पुनर्परीक्षा के लिए 25 जिलों में 577 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। जिन पर करीब 2 लाख 9 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, प्रशासन, एसओजी और आईबी पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। साथ ही सीआरपीएफ की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं। नीट परीक्षा को देखते हुए उत्तर पश्चिमी रेलवे ने विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। रेल प्रशासन का उद्देश्य परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक समय पर, सुरक्षित और सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके तहत जोधपुर मंडल पर तीन परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में पर्यवेक्षक और सिटी कोऑर्डिनेटर तैनात किए गए हैं। कोचिंग सिटी कोटा की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने नीट परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे बिना किसी तनाव के परीक्षा दे। पुलिस ये परीक्षा सुरक्षित और पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

....

00000

देश में बने नौसेना के तीन जहाज–आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का आज अनावरण होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता में आज इनका अनावरण करेंगे। इनका उपयोग समुद्री सुरक्षा, सर्वेक्षण और पनडुब्बी रोधी अभियानों में किया जाएगा। नौसेना के अनुसार, इन जहाजों के निर्माण में 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने योगदान दिया है। देश की रक्षा और जहाज निर्माण क्षमता में इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

0000

राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर हनुमान सिंह राठौड़ को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम–1957 के तहत गठित कमेटी की सिफारिशों के आधार पर श्री राठौड़ का मनोनयन किया गया है।

0000